प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपतन प्राधिकरण में हिन्दी पखवाड़े का उदघाटन

गुवाहाटी: 14 सितंबर , 2015 : भारतीय विमानपतन प्राधिकरण के क्षेत्रीय मुख्यालय , उत्तर पूर्व क्षेत्र, गुवाहाटी में हिंदी दिवस के अवसर पर आज दिनांक 14 सितंबर , 2015 को हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ श्री कौशिक भट्टाचार्जी , क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक , उत्तर पूर्व क्षेत्र , गुवाहाटी द्वारा किया गया । अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक महोदय ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का आव्हान किया कि वे हिंदी को अपनाने में गर्व महसूस करें और अपना दायित्व समझे । 15 दिन तक चलने वाले पखवाड़े के दौरान हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने पर बल दिया जाएगा । पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगितायो का आयोजन किया जाएगा जिसमे प्रमुख हैं वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रश्न मंच, शब्दावली, भाषण आदि । हिंदीतर भाषी तथा समूह घ के कर्मचारियों के लिए भी अलग से प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी ।

इस अवसर पर लिया गया चित्र संलग्न है ।

चित्र में :- श्री कौशिक भट्टाचार्जी , क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक , क्षेत्रीय मुख्यालय , उत्तर पूर्व क्षेत्र , गुवाहाटी हिंदी पखवाड़े के उदघाटन पर द्वीप प्रज्वलित करते हुए । चित्र में बाईं ओर श्री आर के अग्रवाल, महाप्रबंधक(इंजि-सिविल) और दाईं ओर- श्री मनोज पंत , महाप्रबंधक(वित) व श्री एस के उपाध्याय, संयुक्त महाप्रबंधक(मानव संसाधन) ।